मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र पत्र क्रमांक 02/10 से 28/2025, दिनांक 07.05.2026

सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन 2025

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में संशोधन एवं अतिथि विद्वानों हेतु
अनुभव प्रमाण-पत्र एवं गणना पत्रक के संबंध में सूचना

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु सहायक प्राध्यापकों के विभिन्न विषयों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन दिनांक 30.12.2025 को आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर जारी किए गए हैं। उपरोक्त विषयों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 10.05.2026 से प्रारंभ हो रही थी, जिसे संशोधित किया गया है।

02 उपरोक्त विज्ञापनों में से निम्नानुसार विषयों के सहायक प्राध्यापक के विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को संशोधित किया जाता है :-

विज्ञापन क्रमांक एवं दिनांक	विषय
12/2025 30.12.2025	संस्कृत (Sanskrit)
13/2025 30.12.2025	भूगोल (Geography)
15/2025 30.12.2025	मनोविज्ञान (Psychology)
16/2025 30.12.2025	विधि (Law)
17/2025 30.12.2025	भूगर्भशास्त्र (Geology)
18/2025 30.12.2025	योगिक विज्ञान (Yogic Science)

03 उपरोक्त विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि को निम्नानुसार रखी गई है :-

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु		ऑनलाइन आवेदनों में त्रुटि सुधार हेतु	
प्रारंभ तिथि	अंतिम तिथि	प्रारंभ तिथि	अंतिम तिथि
25.05.2026	26.06.2026	30.05.2026	28.06.2026

04 उपरोक्त विषयों के अतिरिक्त शेष विषयों के सहायक प्राध्यापक के विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

05 उक्त विज्ञापनों के अधीन भरे जाने वाले ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ, मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध कार्यरत अतिथि विद्वानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय विनिर्दिष्ट स्थान पर अपने अनुभव प्रमाण-पत्र एवं गणना पत्रक की प्रति (विज्ञापन के परिशिष्ट क्रमांक 06 के अनुसार) निर्धारित प्रारूप में सॉफ्ट कॉपी में अपलोड करना अनिवार्य होगा।

06 विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

उप सचिव